सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री जगदीश प्रसाद मीना निवासी प्लॉट नंबर 22, वैषणव कुंज कॉलोनी के पास, मालवीय नगर, अलवर, राज0

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा/उपखंड अधिकारी बसवा

अपील संख्या 134/2025

निर्णय

दिनांक 27.11.2025

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा को पत्र क्रमांकः डीएम/कोर्ट/2025/2803 दिनांक 28.10.2025 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा ने पत्र क्रमांकःआरटीआई/2025/936 दिनांक 30.10.2025 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट को कार्यालय द्वारा देय सूचना जरिये पत्र क्रमांकः 857–58 दिनांक 3.10.2025 के द्वारा उपलब्ध करा दी गई है। शेष सूचना उपखंड अधिकारी बसवा से संबंधित है जो उपखंड अधिकारी बसवा द्वारा अपीलांट को उनलब्ध नहीं कराई गई है। उक्त पत्रादि की छाया प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को जिला कार्यालय द्वारा देय सूचना उपलब्ध करा दी गई है। शेष सूचना उपखंड अधिकारी बसवा से संबंधित है जो उनके द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट आंशित स्वीकार योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट आंशिक स्वीकार की जाती है। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी बसवा को निर्देश दिये जाते हैं कि अपीलांट को वांछित सूचना/नकल आदेश प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली [illegible] भंडार हो।

Signature Not Verified
Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.12.17 12:18:52 IST
Reason: SelfAttested

(देवेन्द्र [illegible])
जिला कलक्टर, दौसा